नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में स्थापित हुआ अनोखा स्कल्पचर पार्क

चर्चा में क्यों?

5 फरवरी, 2022 को राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में आधुनिक एवं समकालीन कला और संस्कृति की झलक लिये हुए स्कल्पचर पार्क का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- परंपरागत कला संस्कृति से सराबोर बीकानेर हाउस को राजधानी में कल्चरल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम उठाते हुए इसके परिसर में स्कल्पचर पार्क स्थापित किया गया है।
- इस अवसर पर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि इंडिया आर्ट फेयर के दौरान इस स्कल्पचर पार्क की नींव रखी गई। बीकानेर हाउस में स्कल्पचर पार्क की शुरूआत के साथ ही कला, साहित्य, संस्कृति और विरासत से जुड़े मुद्दों पर प्रतिष्ठित हस्तियों के सान्निध्य में 'बीकानेर हाउस डायलॉग्स' का आरंभ होना एक अनूठी पहल है।
- उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के जरिये युवा कलाकारों द्वारा समकालीन कला का प्रदर्शन किया जा रहा है, वहीं वरिष्ठ कलाकारों को स्कल्पचर पार्क द्वारा स्थापत्य कला को पहचानने तथा अपनी जड़ों से जुड़े रहने का मौका प्राप्त हो रहा है।
- दिल्ली में राज्य की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं मुख्य आवासीय आयुक्त शुभ्रा सिंह ने बताया कि इस स्कल्पचर पार्क में नामचीन एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मूर्तिकारों ने हिस्सा लेकर इस पार्क को सफल बनाने में अपना योगदान दिया है।
- आवासीय आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि 'इंडिया आर्ट फेयर' और बीकानेर हाउस के तत्वावधान में युवा पीढ़ी की बड़े पैमाने पर भागीदारी सुनिश्चित हो रही है और इससे कला साहित्य के भविष्य की दिशा का निर्धारण भी हो रहा है।
- उन्होंने बताया कि यह स्कल्पचर पार्क राजस्थानी कला, संस्कृति और विरासत को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति से जोड़ेगा। पार्क के पहले एडिशन में देश-दुनिया के विख्यात और उभरते कलाकारों की कलाकृतियों/मूर्तियों को प्रदर्शित किया गया है।
- बीकानेर हाउस का यह स्कल्पचर पार्क राजधानी में अपनी तरह का पहला स्कल्पचर पार्क है, जो आधुनिक व समकालीन आर्ट वर्क को प्लेटफॉर्म देने के लिये मील का पत्थर साबित होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unique-sculpture-park-established-in-bikaner-house,-new-delhi